>

Title: Need to launch a social awareness programme for increasing green cover in the country.

डॉ. राजन सुशान्त (कांगड़ा): मैं भारत सरकार से विशेष आग्रह करता हूं कि स्वावलंबी, स्वाभिमानी, सारगर्भित, स्वच्छ व स्वर्णमयी भारत के निर्माण एवं उस मातृभूमि के ऋण (पृथ्वी ऋण) से मुक्ति हेतु (जिससे हम जन्म से लेकर मृत्योपरांत किए जाने वाले सभी आयोजनों व अनुष्ठानों के साथ-साथ प्रतिक्षण जीन के लिए प्राणवायु, जल, फल, दूध, दही, घी हेतु वनस्पति व पशुधन हेतु चारा व बहुमूल्य खनिज व अपार सम्पदा प्राप्त करते हैं) तथा मोक्ष प्राप्ति हेतु भी एक योजना "गोद हरी, मातृभूमि हरी भरी " को सफल बनाने के लिए सभी भारतवासी पैदा होने वाले प्रत्येक शिशु के जन्म के साथ ही कम से कम ग्यारह (21, 31, 51, 101 व अधिक भी यथासंभव) विभिन्न प्रकार के पौधे (देश, काल, मांग व स्थिति के अनुसार) आरोपित करें जिनकी परवरिश उसी भावना व प्रेम के साथ माता-पिता करें, जिस तरह अपने बच्चों की करते हैं तथा वर्तमान भारतवासी भी अपने-अपने जन्मदिन पर कम से कम (11, 21, 31, 51, 101 व अधिक भी) पौधे लगायें। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इन बिन्दुओं पर बहुआयामी योजना बनाने तथा समन्वयक, प्रेरक व प्रचारक की भूमिका अदा करें।